हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 फरवरी 2025

14 संत रविदास की वाणी को आज भी अपने जीवन में...



13 छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां...



## खबर संक्षेप

### पीर दरगाह से गोल्लक चोरी करते दो पकड़े

**डिंग।** पुलिस ने गांव ढाणी रामपुरा के सरपंच प्रतिनिधि सुखदेव चंद पुत्र कर्मचंद की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी व सेंधमारी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में सुखदेव चंद ने बताया कि 9 फरवरी की रात्रि को अज्ञात व्यक्ति पीर बाबा की दरगाह से गोल्लक चोरी करके ले गया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर चोरों की तलाश की तो भगवादास पुत्र टाहला राम व कश्मीर लाल पुत्र सुंदर लाल व राम सिंह पुत्र गुरचरण सिंह वासी ढाणी रामपुरा ने दो नशेड़ी टाइप लोगों को गोल्लक तोड़ते रंगे हाथों पकड़ लिया।

### लाखों की चोरीशुदा संपति व मादक पदार्थ बरामद

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के निर्देशानुसार अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत बीते जनवरी माह के दौरान कुल 36 मामले दर्ज कर गिरफ्तार किए गए 54 लोगों के कब्जा से 188 किलो 471 ग्राम डोडा व चूरापोस्त जबकि 718 ग्राम 839 मिलीग्राम हैरोइन, 1770 नशीली प्रतिबंधित गोलियां बरामद की गई है। इसके अलावा जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान करीब 3 लाख 60 हजार विभिन्न प्रकार की नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल की भारी खेप जनवरी माह के दौरान बरामद की है।

### जाखल से एक मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने जाखल से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के मानसा जिले के गांव बरेटा निवासी बारू सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने बच्चे को दवाई दिलवाने के लिए जाखल आया था।

### भूना में टावर से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने भूना में उकलाना रोड स्थित टावर से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। इस बारे भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भिरड़ाना निवासी नरेन्द्र सिंह ने कहा है कि वह सिक्योरिटी कम्पनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करता है। गत दिवस उसके पास टेक्नीशियन सूरज ने फोन कर बताया कि भूना में उकलाना रोड स्थित टावर से आरआरयू चोरी हो गया है, जिससे टावर डाउन हो गया है।

### डोडापोस्त सहित युवक को पुलिस ने दबोचा

**डबवाली।** सीआईए डबवाली टीम ने गांव मसीतां से 2 किलो 57 ग्रम डोडा पोस्त सहित एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान विनोद उर्फ मोटू निवासी गांव मसीतां के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी राजपाल ने बताया कि बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव मसीतां से गांव लखुआना होते हुए जा रही थी। गांव मसीतां नजदीक जोहडु के पास एक युवक प्लास्टिक का थैला लेकर खड़ा था। पुलिस ने उसे काबू कर थैले से डोडापोस्त बरामद किया।

## 30 डिग्री से नीचे तापमान रहता है तो गेहूं उत्पादक किसानों को घबराने की जरूरत नहीं, 35 डिग्री के पार होते ही गेहूं की फसल को खतरा, आज से उत्तर-पश्चिमी हवाओं से बदलेगा मौसम

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से तापमान में बढ़ोतरी से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच आई थी। पिछले 15 दिनों से यहां का तापमान 26 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है, जोकि गेहूं के लिए काफी नुकसानदायक है। फरवरी के पहले सप्ताह मौसम विभाग ने 5 पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने की भविष्यवाणी की थी लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के बेअसर होने से मौसम ठंडा होने की बजाय ओर गर्म हो गया। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय



**फतेहाबाद।** खेतों में खड़ी गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

हिसार के गेहूं एवं जौं अनुभाग ने किसानों को सलाह दी है कि दिन का तापमान 30 से 32 डिग्री और रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहता है तो किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। एचएयू ने किसानों को गेहूं की फसल में सिंचाई करने की सलाह दी है।

### गेहूं में बढ़े हुए तापमान से बचाव के लिए

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के गेहूं एवं जौं अनुभाग ने किसानों को कहा है कि गेहूं में बालियां निकलते समय या अगेती गेहूं जिनकी बालियां निकली हुई हैं, तो भी 0.2 प्रतिशत पोटाशियम क्लोराइड यानि 400 ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश (पोटाश खाद) 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करने से तापमान में अचानक हुई वृद्धि से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। पछेती बीजी गई गेहूं में पोटाशियम क्लोराइड का छिड़काव 15 दिन के अंतराल में दो बार करें।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के गेहूं एवं जौं अनुभाग ने प्रदेश के कृषि उपनिदेशकों को कहा है कि दिन का तापमान 30 डिग्री व रात का तापमान 15 डिग्री से नीचे रहता है तो किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। रात व दिन का तापमान मिलाकर औसत 22 डिग्री सेल्सियस गेहूं की पैदावार के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। औसत तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक को फसल सहन कर सकती है, परंतु दिन का तापमान 35 डिग्री से ऊपर होने पर गेहूं के बनने वाले दानों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। फतेहाबाद के कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि बढ़े हुए उच्च तापमान से बचने के लिए किसानों को आवश्यकता अनुसार हल्की सिंचाई करनी चाहिए। जब तेज हवा चल रही हो तो किसान सिंचाई को तुरंत रोक दें, अन्यथा फसल गिरने से नुकसान हो सकता है। किसानों को सलाह दी गई है कि जिन किसानों के पास फव्वारा सिंचाई की सुविधा है, वह दोपहर को तापमान वृद्धि के समय आधा घंटा फव्वारे से सिंचाई कर सकते हैं।

### आज से बदलेगा मौसम

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि 12 फरवरी के दौरान उत्तरी व उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं हल्की गति से चलने से रात्रि तापमान में फिर से गिरावट आने की संभावना है। इस दौरान राज्य के कुछ एक क्षेत्रों में अलसुबह व देर रात्रि धुंध छाने की संभावना है। इससे रात का तापमान कम रहेगा।

### शहर में पिछले 10 दिनों में 5 मेडिकल शॉप्स को निशाना बना चुके हैं चोर

## मेडिकल शॉप से दिनदहाड़े हो रही हैं चोरियां, कैमिस्टों में भय का माहौल

चोरी की घटनाओं को लेकर कैमिस्ट एसोसिएशन ने की आपात बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से शहर में मेडिकल स्टोरों पर चोरी की हो रही वारदातों से खफा कैमिस्ट एसोसिएशन ने मंगलवार को एक आपात बैठक कर शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। इसके बाद कैमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य जिला प्रधान रवि बाना के नेतृत्व में आज डीएसपी जयपाल से मिले और ज्ञापन सौंपकर चोरी की वारदातों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने और चोरों को जल्द से जल्द पकडने की मांग की है।

डीएसपी से मिलने पहुंचे शहर के मेडिकल स्टोर संचालकों ने कहा कि पिछले 10 दिनों में शहर में 4 मेडिकल स्टोरों पर चोरी हो चुकी है जबकि एक मेडिकल पर



**फतेहाबाद।** डीएसपी से मिलने जाते कैमिस्ट संचालक। फोटो : हरिभूमि

चोरी का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर संचालक हमेशा ही जनता को दवाईयां देकर उनकी सेवा करते रहे है। कोरोना काल में भी कैमिस्टों की सेवा किसी भी छिपी नहीं है। कैमिस्टों ने अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बिना ही त्याग भावना से कोरोना काल में मरीजों को दवाईयां उपलब्ध करवाई थी लेकिन आज वहीं कैमिस्ट एक भय के माहौल में फार्मेसी चलाने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि पिछले सात दिनों में चोर भट्टू रोड स्थित संजीवनी मेडिकोज, जीटी रोड स्थित सैनी मेडिकल हाल, बीघड़ रोड स्थित जया फार्मेसी, डीएसपी रोड स्थित राजेन्द्र मेडिकल व जीटी रोड स्थित अरदास फार्मेसी में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं जिससे मेडिकल स्टोर संचालकों में काफी रोष है। कैमिस्ट एसोसिएशन ने डीएसपी से चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने और चोरों की धरपकड़ कर उन्हें न्याय दिलवाने की मांग की है। डीएसपी जयपाल सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया है कि पुलिस जल्द ही चोरी की घटनाओं को सुलझा कर चोरों को पकडने का काम करेगी। बता दें कि चोरी की अधिकतर वारदातों को दिन के समय अंजाम दिया गया, जब मेडिकल स्टोर संचालक शीशे के गेट को ताला लगाकर इधर-उधर जाते हैं। यह वारदातें सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है, जिसमें तीन दुकानों पर एक ही चोर वारदातों को अंजाम देता नजर आ रहा है। एसोसिएशन का कहना है कि पुलिस गंभीरतापूर्वक जांच करें तो चोरों को जल्द ही पकड़ा जा सकता है।

### इन मेडिकल शॉप्स को बनाया निशाना

बता दें कि 2 फरवरी को भट्टू रोड पर स्थित संजीवनी मेडिकोज को चोरों ने अपना निशाना बनाया था। उसके बाद 3 फरवरी को लालबत्ती चौक जीटी रोड पर स्थित सैनी मेडिकल हॉल के ताले तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। 6 फरवरी को बीघड़ रोड पर स्थित जया फार्मेसी में चोरी की घटना को अंजाम दिया। 7 फरवरी को डीएसपी रोड पर स्थित राजेंद्रा मेडिकल हॉल में घटना को अंजाम दिया। 8 फरवरी को जीटी रोड पर स्थित अरदास फार्मेसी के ताले तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

## मोटा पैसा बचाने के चक्कर में ठेकेदार ने किया खेला



**भूना।** अफसर कॉलोनी में सडक़ के बीचो-बीच खुदाई किया हुआ गहरा गड्ढा।

- सीवर व पीने के पानी की एक साथ बिछाई लाइन, लोगों ने विरोध किया तो काम छोड़कर हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

टोहाना रोड पर अफसर कॉलोनी में जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की अनदेखी और ठेकेदार की घोर लापरवाही के कारण सीवरेज मेनहोल बनाने के लिए खुदाई किया हुआ गहरा गड्ढा एक महीने से बड़े हादसे को निमंत्रण दे रहा है। हालांकि उपरोक्त गड्ढे में कई पशु व जानवर गिरकर जख्मी हो चुके हैं, परंतु अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद उपरोक्त गहरे गड्ढे की जगह पर मेनहोल बनाने का कार्य पूर्ण नहीं हुआ, इसलिए आसपास के लोग दहशत पूर्ण माहौल में जी रहे हैं।

अफसर कॉलोनी निवासी रल्दू राम छिंपा, सुरेश कुमार रमेश कुमार, ओम प्रकाश आदि लोगों ने बताया कि कॉलोनी में ठेकेदार ने अधिकारियों के साथ सांठगांठ करके सीवरेज पाइपलाइन व पीने के पानी की पाइप लाइन को एक स्थान में दबा दिया, जबकि दोनों ही पाइपलाइन दबाने के अलग-अलग टेंडर थे। अधिकारियों की छत्रछाया में ठेकेदार ने एक ही पाइपलाइन की खुदाई करके दोनों पाइप लाइनों को एक स्थान पर डाल दिया, जिसमें बड़े गड़बड़झाले की आशंका है। वार्ड वासियों ने मामले की विजिलेंस और सीएम फ्लाइंग द्वारा जांच करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अगर पेयजल पाइपलाइन लीकेज होती है तो उन्हें सीवरेज का गंदा पानी पीने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### क्या कहते हैं एसडीओ

जन स्वास्थ्य विभाग के उप मंडल अधिकारी भागी राम ने बताया कि अफसर कॉलोनी में सीवरेज पाइपलाइन दबाने के बाद मेनहोल बनाए जाने का काम चल रहा है। काम अधूरा क्यों पड़ा है, इसको लेकर ठेकेदार को नोटिस देकर तलब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गहरे गड्ढा की जगह में 2 दिन के अंदर में मेनहोल बना दिया जाएगा।

## रोडवेज बस सेवा से परेशान विद्यार्थियों व ग्रामीणों ने लगाया जाम




**रानियां।** गांव बालासर में रोड़वेज बस सेवा से परेशान युवाओं व ग्रामीणों ने मंगलवार रोड जाम कर रोष व्यक्त किया और रोडवेज महाप्रबंध से नई बस लगाने की गुहार लगाई। ग्रामीण साधुराम, प्रिंस सोनी, राहुल, आदित्य, अमित, कुलदीप, अजय, रविन्द्र, राहुल, मुकेश व रविन्द्र कस्वां ने बताया उनके गांव से रोडवेज की एक ही बस सिरसा के लिए चलती है जो गांव बचेर से वाया ढुडियांवाली, बालासर व रानियां होते हुए सिरसा पहुंचती है। युवाओं ने बताया कि बस में ज्यादा भीड़ होने से गांव नाईवाला के विद्यार्थी व अन्य यात्री भी इस बस में सफर करने से वंचित रह जाती हैं और कॉलेज व यूनिवर्सिटी में पढने वाले विद्यार्थियों को बस में लटकर कर करीब 30 किलोमीटर का सफर करना पड़ता है। बस में ज्यादा भीड़ होने से कई बार छात्र बस से गिर भी जाते हैं तथा बस में चढने व खड़े होने की जगह न होने पर धक्कामुक्की के कारण आसपी झगड़े होते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार रोडवेज महाप्रबंधक को अवगत करवाया लेकिन अभी तक उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ।

## फर्जी ट्रैवल एजेंटों से रहें सावधान: एसपी

- युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले ट्रैवल एजेंटो के खिलाफ होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया है कि आजकल युवा शिक्षा,नौकरी तथा घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक होते है,तथा जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रैवल एजेंटों का शिकार बन कर अपनी मेहनत की लाखों रुपए की पूंजी गंवा बैठते हैं। उन्होंने आमजन को ऐसी फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की नसीहत देते हुए कहा है कि विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंटो के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंटों से ही संपर्क करें। उन्होंने बताया कि विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामलों के मद्देनजर लोगों को जागरूक करने के लिए जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर पुलिस एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि सिरसा एक साधन संपन्न जिला है इसलिए यहां के लोगों की विदेश जाने की काफी इच्छाएं रहती है और आमजन की इच्छाओं का फायदा उठा कर ही फर्जी ट्रैवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन के द्वारा आमजन से संपर्क कर अक्सर भोले-भाले लोगों को अपने झांसे में फंसा लेते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला के ट्रैवल एजेंटों के बारे में जांच की जा रही है और जांच के दौरान यदि कोई फर्जी ट्रैवल एजेंट पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### साइबर ठगी के चार आरोपी कानपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग में पैसा इंवेस्टमेंट करने के नाम पर मोटा मुनाफे का लालच देकर जिला के गांव सुखचैन निवासी हरप्रीत सिंह से करीब 23 लाख रुपए का साइबर फ्रॉड करने क मामले में संलिप्त चार युवकों को उतर प्रदेश के कानपुर क्षेत्र से काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोइन अहमद व अतीक अहमद निवासियान रसुलाबाद, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश, वसीम अंसारी निवासी मिनहाजपुर, प्रयागराज हाल बाराबंकी, उत्तर प्रदेश व हमीद राजा निवासी करेली प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन सिरसा में बीती 27 जनवरी को साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

## बड़ागुढ़ा रेलवे फाटक के निकट मिला अज्ञात शव

**सिरसा।** जिला के बड़ागुढ़ा रेलवे फाटक के पास एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष के करीब है। जीआरपी के एएसआई बलवीर सिंह ने बताया कि शव पर कुछ खास पहचान चिह्न भी मिले हैं, जिनके आधार पर उसकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। शव बरामद होने के बाद जीआरपी ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी, लेकिन कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी। उन्होंने बताया कि रेलवे ट्रैक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक वहां कैसे पहुंचा और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई? इसके अलावा, पुलिस आसपास के रेलवे स्टेशनों और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने वालों से भी संपर्क कर रही है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सिरसा भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### बच्चों के साथ खाना खाकर जांची मिड डे मील की गुणवत्ता

## एडीसी ने नेजियाखेड़ा के सरकारी स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव नेजियाखेड़ा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के बच्चे मंगलवार को आम दिन की तरह मिड डे मील के लिए लाइन में बैठ गए। शेड्यूल अनुसार सब बच्चों के लिए भोजन परोसा जा रहा था। लेकिन दाएं-बाएं झांक रहे बच्चों को कुछ अलग महसूस हो रहा था कि 'एडीसी साहब' उनके साथ जमीं पर बैठकर खाना खा रहे हैं और बच्चों के साथ बातचीत करते



**सिरसा।** एडीसी बच्चों के साथ बैठकर मिड डे मील का खाना खाते हुए।

हुए हमारा हौसला बढ़ा रहे हैं। मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन गांव नेजिया खेड़ा के सरकारी स्कूल पहुंचे तो वे भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए बच्चों के साथ ही जमीं पर बैठकर खाना खाने लगे। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए स्कूल में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मंगलवार को औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल की कार्य प्रणाली, पढ़ाई के तौर तरीकों, पेयजल व सफाई व्यवस्था तथा मिड डे मील की गुणवत्ता आदि व्यवस्थाओं को बारीकी से जांचा। उन्होंने स्कूल मुखिया को निर्देश दिए कि खाने का संबंध सीधे बच्चों के स्वास्थ्य के साथ जुड़ा है, इसलिए खाने की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। इसके साथ ही खाना बनाने के स्थान पर साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए और नियमित रूप से खाने को चैक किया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि स्कूल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें ताकि बच्चों को एक स्वच्छ वातावरण में पढ़ाई का माहौल मिले। इसके साथ ही बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था पर भी ध्यान रखा जाए। औचक निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने स्कूल की विभिन्न कक्षाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान उपस्थिति आदि के बारे में जानकारी ली।

## सिरसा नगर परिषद चुनाव: पहले दिन कोई नामांकन नहीं

- नामांकन प्रक्रिया 17 फरवरी तक सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक होगी

**सिरसा।** नगर परिषद सिरसा के आम चुनाव के लिए नामांकन के प्रथम दिन मंगलवार को कोई भी नामांकन पत्र नहीं भरा गया। नामांकन प्रक्रिया 17 फरवरी तक सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक होगी। इस अवधि के दौरान अवकाश को छोडक़र किसी भी कार्य दिवस में उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (ना.) राजेंद्र कुमार ने बताया कि प्रधान पद के लिए उपमंडल अधिकारी (ना.) के न्यायालय कक्ष कमरा नंबर 40 में नामांकन पत्र लिए जाएंगे। इसी तरह वार्ड नबर 1 से 12 के सदस्यों पद के लिए तहसीलदार न्यायालय कक्ष कमरा नंबर 20, वार्ड नंबर 13 से 22 के सदस्यों के लिए जिला राजस्व अधिकारी के न्यायालय कक्ष कमरा नंबर 48 तथा वार्ड नंबर 23 से 32 के सदस्यों के लिए उपायुक्त कार्यालय के न्यायालय कक्ष कमरा नंबर 32 में नामांकन पत्र प्राप्त किए जाएंगे।

### यह है नामांकान प्रक्रिया

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 18 फरवरी को सुबह साढे 11 बजे की जाएगी। इसी प्रकार 19 फरवरी को सुबह 11 से 3 बजे तक नामांकन वापिस लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। वहीं 12 मार्च को सुबह 8 बजे मतगणना प्रक्रिया शुरू होगी।



# कार्तिक-करण करेंगे 'आइफा अवार्ड्स' को होस्ट...

**जयपुर।** पहली बार जयपुर में होने जा रहे आईफा अवार्डस कई मायनों में खास है। इसमें 100 से ज्यादा बॉलीवुड के सितारे जयपुर आएंगे। 25 साल पूरे कर रहे इस शो की थीम 'सिल्वर इज द न्यू गोल्ड'है। शो के दोनों दिन राजस्थानी कलाकार लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इस बार राजधानी जयपुर में होने वाले आइफा अवार्डस शो पर सिंगर श्रेया घोषाल फिल्म इंड्रस्टी में 25 साल पूरे करने वाले सितारों को तो करीना कपूर शोमैन राजकपूर की 100वीं जयंती पर विशेष ट्रिब्यूट देंगी। शो के पहले दिन यानी 8 मार्च को एक्टर अपारशक्ति खुराना होस्ट करेंगे। दूसरे दिन यानी 9 मार्च को मुख्य अवार्डस कार्तिक आर्यन और करण जौहर होस्ट करेंगे।

लाइफ Style



# कियारा

## दो भाषाओं में कर रहीं 'टॉक्सिक' की शूटिंग

अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में 'टॉक्सिक' से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। 'केजीएफ चैप्टर 2' के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं। 'टॉक्सिक' का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है। निर्देशक गीता मोहनदास से दर्शक शानदार एक्शन और कहानी की उम्मीदें लगाए बैठे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी को फिल्म 'गेम चेंजर' में देखा गया था। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी।

हॉलीवुड मसाला



# 'फैंटास्टिक फोर...' 25 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो की फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। मंगलवार को मार्वल द्वारा फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' का पहला टीजर रिलीज किया गया है, जिसके बाद इसके पोस्टर को एआई जनरेटेड कहकर लोगों ने सोशल मीडिया पर कई सवाल किए। हालांकि, इस फिल्म के निर्देशक ने तुरंत इसपर जवाब दिया कि अभिनेताओं की आवाज बदलने के लिए किसी भी एआई का इस्तेमाल नहीं किया गया है।



# बार्बी हसू ने डीजे कू से की थी दूसरी शादी...

**लॉस एंजिल्स।** बार्बी हसू ने 2011 में चीनी व्यवसायी वांग शियाओफेई से शादी की थी। 2021 में उनका तलाक हो गया, जिसमें धोखा देने के आरोप भी शामिल थे। बार्बी ने बाद में 2022 में दक्षिण कोरियाई गायक और गीतकार डीजे कू के साथ शादी कर ली। ताइवान की अभिनेत्री बार्बी हसू की 48 साल की उम्र में निमोनिया से मौत हो गई। बार्बी को टीवी सीरीज मेटियोर गार्डन (2001) में अभिनय के लिए जाना जाता था। वह मंदारिन भाषी दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक थीं। डीजे कू को अपना दर्द व्यक्त करने के लिए मुश्किल से शब्द मिल पाए। उन्होंने बस इतना कहा, 'मैं ठीक नहीं हूं।' जब उनसे इस अटकल के बारे में पूछा गया कि यह खबर फर्जी हो सकती है तो उन्होंने जवाब दिया, 'यह फर्जी खबर नहीं है।'



# वीडियो शेयर कर दिखाई महाकुंभ की झलक


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी बेटी और माता-पिता संग महाकुंभ पहुंचकर पवित्र स्नान किया हैं। एक्ट्रेस ने एक क्लिप शेयर कर अपनी इस यात्रा की झलक दिखाई हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ मेले में बॉलीवुड सेलेब्स के पहुंचने का सिलसिला जारी हैं। अब तक कई सितारे महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अब इस लिस्ट में एक और अभिनेत्री का नाम जुड़ गया हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी अपने माता-पिता और बेटी रियाना के साथ महाकुंभ में पवित्र स्नान किया। रील में एक्ट्रेस अपनी बेटी के साथ पानी में डुबकी लगाती नजर आ रही हैं। एक फ्रेम में उनके माता-पिता नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में अभिनेत्री को प्रार्थना करते हुए दिखाया गया हैं। एक्ट्रेस ने क्लिप में महाकुंभ का भव्य नजारा भी दिखाया हैं।



# बन रही 'सनम तेरी...' की सीक्वल...!

**नई दिल्ली।** नौ साल पहले पहली बार रिलीज हुई अभिनेता हर्ष वर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने पर जो कमाल किया है, उसने हिंदी सिनेमा को कहानियों की एक नई दिशा तो दिखाई ही है, इस कामयाबी ने फिल्म से जुड़े सारे कलाकारों और तकनीशियनों को भी उत्साहित कर दिया है। फिल्म की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू तो इतने उत्साहित है कि उन्होंने फिल्म की सीक्वल के बारे में मीडिया को बताना शुरू कर दिया है। फिल्म 'सनम तेरी कसम'की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू ने मंगलवार की सुबह ही ये कहा कि उनके पास इस फिल्म की सीक्वल की कहानी तैयार है और फिल्म के गाने वगैरह भी उनके पास रेडी हैं।

टीवी मसाला



# 'आमी डाकिनी' में तस्वीर से बाहर निकलकर डराएगी चुड़ैल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हॉरर फिल्में इस समय बहुत पसंद की जा रही हैं। कोई भी अगर बॉलीवुड फिल्म आ रही है तो वो पहले ही हिट साबित हो जाती हैं। भूल भुलैया 3, स्त्री 2 और मुंज्या जैसी फिल्में हिट साबित हुई थीं। इन फिल्मों को देखना पसंद करते हैं। अब फिल्मों के बाद टीवी पर भी हॉरर की वापसी हो रही हैं। टीवी पर भी हॉरर शो आने वाले हैं। नए हॉरर शो का मोशन पोस्टर सामने आया है जिसे देखकर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। आहट, शश्श्श्श... जैसे कई हॉरर शोज आए थे, जिन्होंने लोगों को खूब डराया हैं। अब टीवी पर चुड़ैल डराने आ रही हैं। चुड़ैल लोगों की नींद खराब करने वाली हैं। इस हॉरर शो का नाम आमी डाकिनी हैं। आमी डाकिनी शो 24 फरवरी से सोनी टीवी पर शुरू होने जा रहा हैं। ये शो सोमवार-शुक्रवार रात 10 बजे आएगा। इस हॉरर शो के कुछ सीन्स सामने आ गए हैं जिसे देखकर कुछ लोग इसका मजाक उड़ा रहे हैं कुछ को इसका बेसब्री से इंतजार हैं। आमी डाकिनी के मोशन पोस्टर में एक महिला फोटो से बाहर निकलकर चिल्लाती नजर आ रही हैं। ये शो कोलकाता के बैकग्राउंड पर आधारित हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक शो में शीन दास लीड रोल में नजर आने वाली हैं। शो में चुड़ैल अपने पति की तलाश में वापस लौट रही हैं। इस पोस्टर को देखकर लोगों को कुछ खास मजा नहीं आ रहा हैं। इस मोशन पोस्टर को देखकर लोगों को बिल्कुल भी डर नहीं लग रहा हैं।

## एकता ने संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए टेलीविजन और फिल्म निर्माता एकता कपूर पहुंचीं। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस यात्रा की कुछ झलकियां शेयर की हैं। वो अपनी यात्रा के दौरान अपने समय का भरपूर एंजॉय करती नजर आईं। एकता ने जो वीडियो शेयर किया उसमें टीवीएफ के संस्थापक अरुणभ कुमार भी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में एकता ने संगम नदी में डुबकी लगाने के बाद की झलक शेयर की। वो बोट राइड भी एंजॉय करती नजर आईं। उन्होंने पक्षियों को दाना भी दिया। एकता ने अपने साथ के लोगों के साथ वीडियो शेयर किया। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- महाकुंभ। वो मंदिर भी गईं। उन्होंने माथे पर चंदन लगाए फोटो भी शेयर की।बता दें कि एकता कपूर इन दिनों शो नागिन 7 को लेकर चर्चा में हैं। ये शो जल्द ही शुरू होने वाला हैं। शो में लीड एक्ट्रेस कौन होगी इसे लेकर काफी कयास लगाए जा रहे हैं। दूसरी तरफ, एकता कपूर के प्रोडक्शन वेंचर, 'द साबरमती रिपोर्ट' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं से प्रशंसा मिली थी।



# 'परम सुंदरी' के सेट से सिद्धार्थ-जान्हवी की तस्वीरें वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों केरल में अपनी आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। पिछले कुछ दिनों से फिल्म के सेट से दोनों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर केरल के अथिरापल्ली झरने में नाव की सवारी करते नजर आए। इस दौरान जान्हवी ऑफ-व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि सिद्धार्थ ने नीली शर्ट और ग्रे पैंट पहनी हुई है। वहीं, कुछ अन्य तस्वीरों में सिद्धार्थ सेट पर प्रशंसकों के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में जान्हवी नाव पर बैठी हुई और हाथ में छाता पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। दिसंबर 2024 में मैडॉक फिल्म्स ने घोषणा की थी कि जान्हवी और सिद्धार्थ रोमांटिक-कॉमेडी के लिए साथ आए हैं। यह फिल्म उत्तर भारत के एक लड़के और दक्षिण भारत की एक लड़की के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म के निर्माताओं ने पिछले साल इसके रिलीज की भी घोषणा कर दी थी। उन्होंने लिखा था, 'उत्तर का स्वैग, दक्षिण की शान दो दुनियाएं आपस में टकराती हैं और चिंगारी उड़ती है।



# लता मंगेशकर और आशा भोसले क्यों पहनती थीं सफेद साड़ी? बाहर निकलते ही बदल जाता था रवैया...

**नई दिल्ली।** भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री में लता मंगेशकर और आशा भोसले दो ऐसे नाम हैं जिन्होंने बॉलीवुड को बहुत कुछ दिया। दोनों बहनें प्रोफेशनल फ्रंट पर जितनी समर्पित और सक्रिय थीं, उतना ही उनका आपसी रिश्ता मजबूत था।

आशा भोसले ने एक हालिया पॉडकास्ट में बताया कि ऐसा क्यों था कि दोनों बहनें (आशा और लता) ज्यादातर सिर्फ सफेद साड़ी पहना करती थीं? ऐसा नहीं था कि आशा भोसले और लता मंगेशकर ने अपने आउटफिट को लेकर दूसरे कलर्स ट्राय नहीं किए थे, लेकिन खासतौर पर सफेद पहनने के पीछे एक वजह थी जो उन्होंने अमृता राव और आरजे अनमोल के साथ बातचीत के दौरान बताई।

***कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से ज्यादा सूट करता है सफेद :*** आशा भोसले ने 'कपल ऑफ थिंग्स' नाम के पॉडकास्ट में बताया, 'दीदी (लता मंगेशकर) और मैं हमेशा सफेद साड़ी पहना करते थे। हमें लगा कि हमारे कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से सफेद ज्यादा सूट करता है। अगर हम कोई दूसरा रंग पहनते तो हम ज्यादा डार्क नजर आते। बाद में मैंने पिंक साड़ी पहनना शुरू किया था और दीदी मुझे तिरछी नजर से देखा करती थीं। लेकिन, फिर मैंने धीरे-धीरे पिंक के साथ दूसरे कलर्स जोड़ना शुरू कर दिया।' आशा भोसले ने बताया कि जब भी लता उनसे पब्लिक में मिलतीं तो बहुत फॉर्मल अप्रोच कायम करती थीं।

***घर में अलग और बाहर अलग होता था रवैया :*** जबकि घर में दोनों की बातचीत बहुत सामान्य और सहज होती थी। आशा भोसले ने बताया, 'दीदी घर पर बहुत नॉर्मल होती थीं। वह बाहर मुझसे बहुत शालीनता और औपचारिक लहजे में बात करती थीं, लेकिन घर पर हमारा एक अलग कनेक्शन था। हम मराठी में बात करते थे और हमारी बातचीत बहुत आम होती थी। लेकिन, जैसे ही वह घर से बाहर निकलती थीं, वो 'लता मंगेशकर' बन जाती थीं। एक लीजेंड, एक आइकॉन और हमारे आपसी समीकरणों में अचानक एक बदलाव आ जाता था।' आशा ने बताया कि गायकी को लेकर दोनों के बीच किसी तरह का रिश्ता नहीं हुआ करता था।



### गायकी के मामले में नहीं होता था कोई रिश्ता

आशा भोसले ने बताया, 'बात जब गायकी की आती थी तो हमारे बीच कोई रिश्ता नहीं था। बाहर की दुनिया में वह लता मंगेशकर हुआ करती थीं, दुनिया में उनका अपना एक स्टेटस था। घर पर हम बातें करते, लेकिन बाहर कोई अनौपचारिक बातचीत नहीं होती थी। वह अपना वो औरा कायम रखती थीं, लता मंगेशकर के तौर पर उनकी मौजूदगी, उनका स्टेटस बनाए रखती थीं।' मालूम हो कि लता मंगेशकर की आवाज ने बॉलीवुड को एक अलग ही मुकाम पर पहुंचा दिया था। साल 2022 में लता मंगेशकर ने 92 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

## समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक हो गए दीवाने

# प्यार के रंग में रंगे टीवी के ये हिट सीरियल्स, वैलेंटाइन वीक पर एक बार फिर देखिए

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड ही बेहतरीन रोमांटिक फिल्में नहीं बनाता है, टीवी पर भी समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक दीवाने हो गए। आज भी इन टीवी सीरियल्स की फैन फॉलोइंग हैं। वैलेंटाइन वीक पर हम आपको ऐसे ही कुछ रोमांटिक हिट टीवी सीरियल्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप अपने लव या लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं।*




### कितनी मोहब्बत है

कृतिका कामरा और करण कुंद्रा स्टारर टीवी सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' के दो सीजन आए थे। पहले सीजन में कहानी कुछ ऐसी थी कि अर्जुन (करण कुंद्रा) और आरोही (कृतिका कामरा) एक-दूसरे को प्यार करते हैं लेकिन कुछ गलतफहमियों के कारण इनके रिश्ते में दूरी आ जाती है, ये जुदा हो जाते हैं। अर्जुन को जब सच्चाई का पता चलता है तो वह चुपचाप आरोही के सपनों को पूरा करने की कोशिश करता है। इसी तरह कई उतार-चढ़ावों को पार कर आखिर में अर्जुन और आरोही मिल जाते हैं, इनकी मोहब्बत सफल हो जाती है। 2009 में आए इस सीरियल की एक अलग ही फैन फॉलोइंग बन गई थी, जो आज भी बरकरार है।

### इस प्यार को क्या नाम दूं

2011 में एक टीवी सीरियल 'इस प्यार को क्या नाम दूं' दर्शकों के बीच काफी हिट हुआ। इसमें अर्णव रायजादा का किरदार एक्टर वरुण सोबती ने निभाया था। वहीं खुशी कुमारी का किरदार सनाया ईरानी ने निभाया। यह प्रेम कहानी एक छोटे शहर की लड़की खुशी और एक सख्त मिजाज बिजनेसमैन अर्णव के बीच की थी। कॉमेडी के रंग में रंगी यह प्रेम कहानी दर्शकों को काफी अच्छी लगी थी।



### मधुबाला

साल 2012 में विवियन डिसेना एक रोमांटिक सीरियल 'मधुबाला' में भी नजर आए। इसमें विवियन ने एक सुपरस्टार आरके का रोल निभाया था, जिसे एक साधारण लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन इनके रिश्ते में कई बार उतार-चढ़ाव आते हैं। इस सीरियल के बाद से ही विवियन डिसेना टीवी पर काफी पॉपुलर हो गए थे। हाल ही में वह रियालिटी शो 'बिग बॉस 18' में भी नजर आए।





### प्यार की ये एक कहानी

एक वैंपायर और एक आम लड़की की कहानी को सीरियल 'प्यार की ये एक कहानी (2010)' में दिखाया गया। इसमें वैंपायर के रोल में विवियन डिसेना नजर आए थे। यह सीरियल फिल्म 'ट्वाइलाइट' से इंस्पायर था। सीरियल में आम लड़की के रोल में सुकीर्ति कांडपाल नजर आई थीं।



### दिल मिल गए

टीवी पर साल 2007 में 'दिल मिल गए' सीरियल आया, यह सीरियल 'संजीवनी' का ही आगे का पार्ट था। इस सीरियल में करण सिंह ग्रोवर लीड में थे। फीमेल लीड दो-तीन बार बदलीं। इस सीरियल के भी कई सीजन आए। मेडिकल ड्रामा के अलावा इस सीरियल की प्रेम कहानी यंग ऑडियंस को काफी पसंद आई।

## खबर संक्षेप

### नागपुर में मां भगवती विशाल जागरण आयोजित

**फतेहाबाद।** धार्मिक आयोजनों से जहां समाज में भाईचारे व धर्म की वृद्धि होती है, वहीं ऐसे आयोजनों में भाग लेने से आत्म संतुष्टि भी होती है। यह बात गांव नागपुर की सरपंच अनीता रानी व सरपंच प्रतिनिधि संजीव कम्बोज ने मां भगवती के जागरण में माता रानी की ज्योत प्रचण्ड करते हुए कही। श्री जय दुर्गा कीर्तन मण्डल व पंजाबी सेवा समिति नागपुर द्वारा मां भगवती का २० वां विशाल जागरण का श्री दुर्गा मंदिर नागपुर में सरपंच अनीता रानी व प्रतिनिधि संजीव कम्बोज ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डालकर क्षेत्र की सुख शान्ति की कामना की। जागरण में आमंत्रित कलाकारों ने माता की महिमा का गुणगान करते हुए सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर कॉप्रेटिव बैंक जिला फतेहाबाद के चेयरमैन नरेश तनेजा टीटू, भाजपा नागपुर मंडल के अध्यक्ष संदीप तनेजा, नागपुर ब्लॉक समिति के चेयरमैन प्रतिनिधि स. गुरतेज ढूकसह, स. कुलवंत सिंह, भुवनेश झंडई, साहबराम मुंजाल आदि रहे।

### नर नीलगाय को मारने की अनुमति अनुचित

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा नर नीलगाय को मारने की अनुमति प्रदान करने के कदम को अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी ने अनुचित बताया है। किसान सभा जिला कमेटी की बैठक में सरकार के इस फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की गई और इस फरमान को तुरंत वापस लेने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णुदत्त ने की। बैठक में विशेष तौर पर जगतार सिंह, राजेन्द्र सिंह बाटू, जोगेन्द्र सिंह भ्याना, मुंशीराम, दिनेश सिवाच आदि रहे।

### सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभ बताए

**फतेहाबाद।** आयुष विभाग, हरियाणा व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुष विभाग द्वारा जिला में 12 जनवरी से लेकर 12 फरवरी तक सूर्य नमस्कार अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में राजकीय उच्च विद्यालय, बोसवाल में बच्चों, स्टाफ सदस्यों व ग्रामीणों को आयुष योग सहायक सुरेंद्र कुमार व ज्योति द्वारा सूर्य नमस्कार अभ्यास करवाया गया। आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि सूर्य नमस्कार हमारे शरीर का सर्वांगीण विकास करता है।

### किसान योजनाओं के लाभ को पंजीकरण करवाएं

**सिरसा।** रबी 2024-25 फसलों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण का कार्य जारी है, जिसके तहत अबतक जिला के 97012 किसानों द्वारा ही 708020 एकड़ का पंजीकरण करवाया गया है। कृषि विभाग के उप निदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसान कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी फसल पंजीकरण करवाना अनिवार्य है और भविष्य में विभिन्न खाद जैसे यूरिया, डीएपी आदि की उपलब्धता के लिए भी मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

## सांस्कृतिक गतिविधियां जीवन में निभाती अहम भूमिका : प्रेम मेहता

# छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मचाई धूम

### चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम और उत्साह के साथ प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत प्राचार्य एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेम मेहता मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम न केवल उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें समाज और संस्कृति से जुडऩे का एक बेहतरीन अवसर भी प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी रचनात्मकता और जोश से सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। छात्राओं ने कला के महत्व को उजागर किया और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने का संदेश दिया। सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रंजीत कौर, द्वितीय स्थान कोमल और तृतीय स्थान रवीना, ग्रुप डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमकुम एंड ग्रुप, द्वितीय स्थान काजल एंड ग्रुप और तृतीय स्थान सुरभि एंड ग्रुप, सोलो डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमकुम, द्वितीय स्थान प्रियंका और तृतीय स्थान पूनम, नाट्य अभिनय (स्किट) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जसप्रीत कौर एंड ग्रुप, द्वितीय स्थान तमन्ना एंड ग्रुप, काव्य सत्र (पोएटिक सिम्पोजियम) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदना कुमारी, द्वितीय स्थान साक्षी और तृतीय स्थान महकदीप को प्राप्त हुआ।



**फतेहाबाद।** राजकीय कॉलेज भोडिया खेड़ा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

**वार्षिक समारोह में ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ. शिल्पा रानी, प्रीति, मंजू बाला, मीनाक्षी, डॉ. मोहिना, गगनदीप, सरोज, कविता, रोहित, डॉ. कविता, संदीप, सारिका, प्रोमिला, डॉ. पवन कालिया, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. विकास जांगू, डॉ. वीरेंद्र कुमार, पूजा, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. ज्योति, रमन, डॉ. भारत लाल, डॉ. रीटा गलगट, डॉ. ममता, डॉ. विजय सिंह, डॉ. गीतांजली, डॉ. गुरनाम चंद, डॉ. महेंद्र पाल, सतीश चन्द्र, शेखर सेठी, सोनिया गुप्ता, डॉ. मोहिन्दर कुमार, डॉ. सोनू राम, प्रवीन कुमार, भतेरी, सुमन आदि मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन

- जनसंघ व राष्ट्र सेवा में उपाध्याय के अभूतपूर्व योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता : ग्रोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

भारतीय जनसंघ के सह-संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बीजेपी जिला कार्यालय में श्रद्धाभाव से मनाई गई। जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सन 1953 से 1968 तक भारतीय जनसंघ के नेता रहे। एक गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ वह एक ऐसे समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे, जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किये। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही वह इसके वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा-स्त्रोत रहे हैं। उनका राजनीतिक दर्शन मानव मात्र की आवश्यकताओं के अनुरूप और हमारे प्राकृतिक आवास के अनुकूल राजनीतिक कार्यप्रणाली एवं शासकीय कौशल का मार्ग प्रशस्त करने वाला एक चहुंमुखी वैकल्पिक जीवन दर्शन है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय में संगठन का अद्वितीय और अद्भुत कौशल था। समय बीतने के साथ भारतीय जनसंघ की विकास यात्रा में वह ऐतिहासिक दिन भी आया जब सन 1968 में इस महान नेता को दल के अध्यक्ष के पद पर प्रतिष्ठित किया गया।



**फतेहाबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित करते भाजपा नेता।



### विधि छात्रों ने किया पुलिस थानों का दौरा

**सिरसा।** कानूनी प्रक्रिया की जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग के बीए एलएलबी एवं एलएलबी तीन वर्षीय अध्ययन कोर्स के अंतिम वर्ष के छात्रों ने सिरसा महिला थाना व थाना सिविल लाइंस का दौरा किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विभाग के अध्यक्ष प्रो.मुकेश गर्ग ने बताया कि छात्रों ने विभिन्न पुलिस व्यवस्था, पुलिस कार्य प्रणाली, थाना संबंधित कानूनी प्रावधानों इत्यादि के बारे में जानकारी अर्जित की। छात्र-छात्राओं ने अनुभव किया कि कानूनी व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस का एक अहम योगदान रहता है द्य पुलिस बल के कारण ही आमजन ठीक प्रकार से जीवन यापन कर रहा है।उन्होंने कहा कि इस अवसर पर छात्रों के साथ डॉ. नरेश लता गर्ग, डॉ. प्रदीप कंबोज एवं डॉ गुरविंदर सिंह मौजूद रहे। उन्होंने व स्टाफ सदस्यों ने जिला पुलिस अधीक्षक व दोनों थाना प्रभारी का आभार भी व्यक्त किया।

### खाद्य आपूर्ति विभाग ने की डिपूओं की जांच

**फतेहाबाद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पालना में जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक व सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारियों द्वारा माह जनवरी 2025 के लिए चिन्हित किए गए डीपो धारकों की भौतिक जांच की गई। इसके अतिरिक्त निरीक्षक, उप-निरीक्षकों द्वारा भी डिपूओं की भौतिक जांच की गई। विभाग द्वारा कुल 118 डिपूओं की भौतिक जांच की गई। जांच के दौरान कुल 5 डिपूओं पर अनियमितताएं पाई गई। पाई गई अनियमितताओं के आधार पर डिपो धारकों के आवश्यक वस्तुओं की राशन सप्लाई निलंबित कर दी गई।



### मानसिक स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति विषय पर विस्तार व्याख्यान

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में एनएसएस तथा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सोसायटी के सौजन्य से मानसिक स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति विषय पर विस्तृत व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. कंवर सेन ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्तित्व विकास को प्रभावित करता है इसलिए जीवन में न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को बनाए के लिए विभिन्न विधियों एवं सावधानियां की विस्तृत जानकारी देते हुए नशे से भी दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मलेरिया, डेंगू, बुखार व अन्य बीमारियों से ग्रस्त व्यक्ति को बीमार समझा जाता है ठीक वैसे ही हानिकारक दवाओं और पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को नशे की बीमारी हो जाती है, इसलिए नशे से ग्रस्त होना सामाजिक बुराई न होकर एक मानसिक बीमारी है, जिसका इलाज संभव है।

# जाट मंच की कार्यकारिणी गठित

- हनुमान गोदारा बने प्रदेशाध्यक्ष, राजेंद्र कड़वासरा बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

भारतीय जाट विकास मंच की बैठक मंगलवार को जाट धर्मशाला में हुई जिसमें नई कार्यकारिणी गठित की गई। सर्वसम्मति से एडवोकेट हनुमान गोदारा को भारतीय जाट विकास मंच का प्रधान बनाया गया जबकि डॉ. राजेंद्र कड़वासरा को राष्ट्रीय प्रधान के पद की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर दोनों अध्यक्षों ने अपने संबोधन में कहा कि वे समाजहित के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसको पूरी निष्ठा के साथ निभाया जाएगा। नवनियुक्त प्रधान हनुमान गोदारा ने कहा कि वर्ष 2025 में भारतीय जाट विकास मंच के बैनर तले जो समाज भलाई के कार्य किए जाने हैं उनकी रूपरेखा शीघ्र ही बना ली जाएगी। उन्होंने समाज से सहयोग के लिए भी आह्वान किया। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने कहा कि इसी साल में देश के अनेक राज्यों में भारतीय जाट विकास मंच की कमेटियां बनाई जाएंगी।



**सिरसा।** भारतीय जाट विकास मंच का प्रदेशाध्यक्ष बनने पर हनुमान गोदारा को बधाई देते सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*



### विद्यार्थियों को बताए साइबर सुरक्षा के उपाय

**फतेहाबाद।** भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के तत्वावधान में हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन के आदेशानुसार सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा व स्थानीय डीपीआरसी हॉल में सेमिनार आयोजित किए गए। इसके अलावा एसजीएम गुरूकुल एंड एकेडमी सहित 20 सीएससी व चार सरल केंद्रों में भी इसी प्रकार के सेमिनार आयोजित किए गए। भोडिया खेड़ा कॉलेज में आयोजित सेमिनार में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी रमेश शर्मा व साइबर सुरक्षा थाना से उप निरीक्षक सुमित कुमार ने वद्यार्थियों व कॉलेज स्टाफ को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग व साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ऑनलाइन धोखाधड़ी और सोशल मीडिया सुरक्षा के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जागरूक करते हुए बताया कि वे हमेशा मजबूत और अद्वितीय पासवर्ड बनाएं, अपने ऑनलाइन अकाउंट की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 2 फैक्टर ऑथेंटिकेशन को सक्रिय करें।

### ट्रेन के समय में बदलाव को मंत्री को लिखा पत्र

**सिरसा।** कालांवाली क्षेत्र की जनता की मांग पर सांसद कुमारी सैलजा ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर कालांवाली से सुबह सिरसा की ओर से जाने वाली एक ट्रेन का समय आठ बजे किया जाए ताकि स्कूल, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों और नौकरी पर जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कुमारी सैलजा ने कहा कि पहले बठिंडा से चलकर दिल्ली जाने वाली किसान एक्सप्रेस सुबह 7.40 पर कालांवाली आती थी जिसका समय अब सुबह 5.40 कर दिया गया है। इसी प्रकार श्री गंगानगर-मेरठ पहले सुबह 6 बजे कालांवाली आती थी जिसका समय अब 6 कर दिया गया है। इसके बाद कालांवाली से सिरसा की ओर जाने वाली ट्रेन दोपहर डेढ़ बजे पहुंचती है।

# सीएम फ्लाइंग ने नपा का रिकॉर्ड खंगाला

- सीएम फ्लाइंग टीम ने ऐलनाबाद व कालांवाली नगरपालिका का रिकॉर्ड खंगाला

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने मंगलवार को ऐलनाबाद व कालांवाली नगरपालिका में दस्तक दी और रिकॉर्ड खंगाला। आपको बता दें कि दो दिनों से सीएम फ्लाइंट टीम नगर परिषद व नगरपालिकाओं की रिकॉर्ड खंगालने में लगी हुई है। कचरा निस्तारण एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर उठने वाले सवालों के जवाब ढूंढने में टीम लगी हुई है। एसआई राजेश कुमार ने बताया कि रानियां में नगर पालिका का सोमवार को रिकॉर्ड जांच गया था। जांच के दौरान सभी कर्मचारियों का रिकॉर्ड देखा गया है। कर्मचारियों को कितनी सैलरी दी जाती है। उसका ईएसआई और पीएफ काटा जाता है या नहीं। इसके अलावा स्वच्छता को लेकर एजेंसी किस प्रकार से कार्य रही है। इसके अतिरिक्त मंगलवार को कालांवाली और ऐलनाबाद का रिकॉर्ड खंगाला गया है। एजेंसी के हाजिरी रजिस्टर से लेकर अन्य दस्तावेज जब्त किए गए है। जिसकी गहनता से जांच की जाएगी।मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने मंगलवार को ऐलनाबाद व कालांवाली नगरपालिका में दस्तक दी और रिकॉर्ड खंगाला।

### सेवा भारती ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**सिरसा।** सेवा भारती का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव में सेवा भारती के सभी 12 सेवा संस्कार केंद्रों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रमुख समाजसेवी सुरेंद्र कुमार मल्होत्रा, मुख्यवक्ता प्रांत उपाध्यक्ष सेवा भारती कमल सर्राफ ने शिरकत की। कार्यक्रम में संस्कार केंद्र के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिलाध्यक्ष सीबी कौशिक ने सेवा भारती द्वारा संचालित सभी केंद्रों की विवरण सहित जानकारी दी। मुख्यातिथि डॉ. सुरेंद्र कुमार मल्होत्रा ने बताया कि सेवा करने का स्वरूप नहीं होता और न ही कोई उम्र होती है, बस सेवा करने का जज्बा होना चाहिए।

# जूनियर्स ने सीनियर्स को दी विदाई

- पॉयनियर स्कूल ने 'बलेसिंग सेरेमनी' के माध्यम से 10+2 के विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल में बारहवीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हवन यज्ञ के माध्यम से शुभकामनाएं देने हेतु बलेंसिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें 11वीं व 12वीं के सभी विद्यार्थियों तथा स्टाफ ने भाग लिया। बच्चों ने शानदार डांस, गीत व अन्य प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। 12वीं के बच्चों ने अपने अनुभव शेयर करते हुए अपने अनुजों को भविष्य में उत्तरोत्तर आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने शानदार उपहार देकर अपने गुरूजनों का सम्मान किया। कई प्रकार के रोचक गेम्स के द्वारा कार्यक्रम को और अधिक रोचक व मनमोहक बना दिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रिंसिपल गीतिका महता ने बच्चों को अपनी मेहनत व ईमानदारी द्वारा अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। स्कूल प्रबंधक विजय निर्मोही ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो बच्चे ईमानदारी व सत्यनिष्ठा से अपने गुरूजनों के मार्गदर्शन में अधिक मेहनत करते हैं वे जीवन में लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करते हैं।



**फतेहाबाद।** पॉयनियर स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।

# खेल से शरीर रहता है पूर्ण स्वस्थ

- पुरुषों में जेसीडी मेमोरियल व महिला वर्ग में डेंटल कॉलेज बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ में इंटर कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जेसीडी की विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने किया। उन्होंने खिलाडिय़ों से कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम वर्क की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। खेलों से मिलने वाला आत्मसंयम और समर्पण जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफलता दिलाने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि निरंतर अभ्यास, धैर्य और आत्मविश्वास से ही बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लें, क्योंकि खेल व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता में अनेक रोमांचक मैच खेले गए। फाइनल मुकाबला जेसीडी मेमोरियल कॉलेज और जेसीडी फार्मेसी कॉलेज के बीच हुआ, जिसमें जेसीडी मेमोरियल विजेता बना। जेसीडी डेंटल कॉलेज ने इस मुकाबले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में फाइनल मुकाबला जेसीडी डेंटल कॉलेज और जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय के बीच हुआ, जिसमें जेसीडी डेंटल कॉलेज ने जीत हासिल की।



**सिरसा।** विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## नागरिक अस्पताल से हुई कार्यक्रम की शुरुआत

# एल्बेंडाजोल टैबलेट पूरी तरह से सुरक्षित: सर्जन

- राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस 11 फरवरी और मॉप-अप दिवस 18 फरवरी को मनाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

बच्चों को कुपोषण और एनीमिया से बचाने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस 11 फरवरी और मॉप-अप दिवस 18 फरवरी को मनाने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत जिलेभर में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट दी जाएगी। मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र भादु और डॉ. सूरज भान कंबोज ने नागरिक अस्पताल में इस कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि यह टैबलेट पूरी तरह सुरक्षित है और एक साल से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति इसे ले सकता है। डॉ. भादू ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। सरकार समय-समय पर ऐसे अभियान चलाकर बच्चों को कुपोषण और एनीमिया से बचाने का प्रयास करती है। जिन बच्चों के पेट में अधिक कीड़े होते हैं, उन्हें दवा खाने के बाद मिचली, चक्कर या घबराहट महसूस हो सकती है, लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे 1 से 19 साल तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट अवश्य दें। यह एक चबाने वाली टैबलेट है, जिससे पेट में पलने वाले कीड़े समाप्त हो जाते हैं और बच्चे स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे को दवा खाने के बाद कोई परेशानी होती है, तो वे हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि एल्बेंडाजोल की टैबलेट सरकारी और निजी स्कूलों, कोचिंग सेंटरों, आईटीआई, सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों पर बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराई जाएं। इस राष्ट्रीय अभियान के अनेक फायदे हैं, जिनमें बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, एनीमिया नियंत्रण, सीखने की क्षमता में सुधार और कक्षा में उपस्थिति बढ़ाने में सहायता मिलती है।



**सिरसा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस पर एक बच्चे को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाते सीएमओ।

**1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी टैबलेट दें**

जिला परामर्शदाता कमल कक्कड़ ने बताया कि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी टैबलेट चम्मच में पीसकर, 2 से 3 वर्ष के बच्चों को पूरी टैबलेट पीसकर और 3 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों एवं महिलाओं को पूरी टैबलेट चबाकर खिलाने की हिदायत दी गई है तथा यह खाली पेट नहीं खानी चाहिए।

**खबर संक्षेप**

## दुकान से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** अंबेडकर धर्मशाला की दुकानों के पीछे बने कैटरिंग के सामान के गोदाम से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दिए बयानों में निवासी शांति नगर गली नंबर 2 निवासी दिनेश ने बताया कि उसका अंबेडकर धर्मशाला की दुकानों के पीछे गोदाम बना हुआ है, जिसमें वह कैटरिंग का सामान रखता है। उसने बताया कि बीती 9 फरवरी की शाम को वे गोदाम बंद कर घर चले गए।

## राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम 13 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के आदेशानुसार जिला में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 13 फरवरी को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## डिफेंस कॉलेज में खेलों के महत्व पर चर्चा

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में भूना रोड स्थित डिफेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शिक्षा में खेलों का महत्व विषय पर समूह चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया और शिक्षा में खेलों का क्या महत्व है, विषय पर सभी विद्यार्थियों ने समूह में चर्चा की तथा खेलने के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मुनेन्द्रा कुमार ने कहा कि समूह चर्चा विद्यार्थियों के लिए विषय वस्तु की समीक्षा की गई।

## विभाग से जुड़े विकासात्मक कार्यों की ली जानकारी

**रतिया।** उपमंडलाधीश सुरेश कुमार ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग से जुड़े विकासात्मक कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभागों से संबंधित विकास कार्यों को लेकर हर समय अपडेट रहें। सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे विकास कार्यों की समय-समय पर चेकिंग करें।

### बोसवाल में धूमधाम से मनाई गई गुरु रविदास जयंती

# संत रविदास जी की वाणी को आज भी अपने जीवन में उतारने की जरूरत

कलाकारों ने भजनों से किया गुरु महिमा का गुणगान किया। समिति के प्रधान श्रीराम ने आए हुए अतिथियों को पटका पहनाकर स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव बोसवाल में आयोजित कार्यक्रम में गुरू रविदास को नमन करते ठाकुर भवानी सिंह व अन्य अतिथिगण। **फोटो : हरिभूमि**

गांव बोसवाल में संत शिरोमणी गुरू रविदास समिति, बोसवाल द्वारा गांव में गुरू रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव ठाकुर भवानी सिंह ने भाग लिया। उन्होंने गुरू रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर बाहर से आए कलाकारों द्वारा भजनों के माध्यम से गुरू रविदास की महिमा का गुणगान किया गया। समिति के प्रधान श्रीराम ने आए हुए अतिथियों को पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ठाकुर भवानी सिंह ने कहा कि गुरू रविदास एक महान संत और धार्मिक सुधारक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने समाज में सामाजिक सामंजस्य और बंधुत्व के लिए काम किया। समाज को समता, न्याय, शांति और सौहार्द का संदेश दिया। ठाकुर भवानी सिंह ने कहा कि गुरू रविदास ने समानता और सामाजिक न्याय की शिक्षा दी, जाति, भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। गुरू रविदास का कहना था कि मनुष्य अपने जन्म, काम और जात के आधार पर छोटा-बड़ा नहीं होता। हम जो भी काम करे, उसे पूरी मेहनत व लगन से करें। ठाकुर भवानी सिंह ने कहा कि गुरू रविदास के संदेश आज भी समाज के कल्याण और उत्थान के लिए अहम है। हमें संत रविदास जी की वाणी को अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है। ऐसे महापुरुष को अपना आदर्श मान कर जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच रणवीर सिंह, पूर्व सरपंच पवन कुमार, विरेन्द्र कुमार, भजनलाल, पूर्व सरपंच प्रकाश कुमार, अनिल कुमार, रूपलाल, बिकर सिंह, संजीव चंदेल, सुभाष कुमार, परमजीत राणा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गुरु रविदास जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जागरण व भंडारे का आयोजन

**भूना।** गांव टिब्बी में श्री गुरु रविदास सेवा समिति द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के 648वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा सनियाना मंडल के अध्यक्ष विनोद खिचड़ ने शिरकत की। ग्रामीणों ने गुरु रविदास के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके प्रणाम किया। समिति सदस्य ने अतिथिगणों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। खिचड़ ने कहा कि गुरु रविदास जी ने समाज में समानता और सामाजिक न्याय की शिक्षा देकर लोगों को जात-पात के भेदभाव के खिलाफ जागरूक किया था, इसलिए गुरु जी ने समाज कल्याण के लिए अनेक समाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। ऐसे महान पुरुष को हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर मास्टर सुखदेव सिंह भुक्कल, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि विनोद कुमार आदि मौजूद थे।

## गुरु रविदास जयंती समारोह की तैयारियां पूर्ण

**सिरसा।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभा एवं शिक्षा समिति हरियाणा द्वारा आगामी 12 फरवरी को गुरू रविदास की 648वीं जयंती मनाने की तैयारियां पूर्ण कर ली है। संस्था के महासचिव हंसराज ने बताया कि इस अवसर पर होने वाली फैंसी ड्रैस, दोहा, वाणी, स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं के लिए गुगल फार्म के माध्यम से 50 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया है। इसी प्रकार उत्कृष्ठ उपलब्धि प्राप्त करने वाले 7 बच्चों ने समाज गौरव सम्मान प्राप्त करने के लिए अपना पंजीकरण करवाया है। उन्होंने बताया कि गुरू रविदास जयंती पर सामाजिक जाग्रति कार्यक्रम में संदेश देने के इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में अधीक्षक अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग जसवंत सिंह, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राम किशन तथा डिप्टी क्लैक्टर सिचाई विभाग रामकरण शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंडल अधिकारी सतीश कुमार करेंगे तथा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व प्रशासकीय अधिकारी कर्मवीर बोद्ध होंगे। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि वे सामाजिक चेतना के इस अवसर पर पहुंचें।



**फतेहाबाद।** विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीईओ संगीता बिश्नोई।

# डाइट मताना में जिला स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ डीईओ संगीता बिश्नोई ने विजेता बच्चों को किया सम्मानित

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में आज समग्र शिक्षा द्वारा डाईट मताना में जिला स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने की। इस कार्यक्रम के संयोजक एपीसी निहाल सिंह एवं डीएसएस मुकेश कुमार थे।

इस प्रदर्शनी में खण्ड स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने वाले जिले के राजकीय विद्यालयों से लगभग 220 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने 3 थीम व 7 सब-थीम के अंतर्गत बहुत ही सुन्दर व आकर्षक ज्ञान-वर्धक मॉडल व पोस्टर बनाए तथा रोल प्ले गतिविधि में भाग लिया।

जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल, पोस्टर एवं रोल प्ले गतिविधियों का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए राजकीय व.मा. विद्यालय मताना, धांगड़ व अन्य विद्यालयों से बच्चों को विशेष तौर पर आमन्त्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडल में राजाराम, ललिता रानी, सुरेश कुमार, लोकेश कुमार, प्रियंका यादव, अंकित शर्मा, विरेन्द्र सोनी व सुनील कुमार शामिल थे, जिन्होंने प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों का चयन किया। जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय रहने वाले विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा समस्त प्रतिभागी व अध्यापकों को स्मृति चिन्ह वितरित किए गए। प्रदर्शनी में समग्र शिक्षा की ओर से सभी प्रतिभागियों व अध्यापकों को चाय व भोजन करवाया गया। इस मौके पर विशेष अध्यापक लक्ष्यविन्द्र सिंह, सीमा दुबट, सविता बैनीवाल, मुकेश कुमार, कृष्ण शर्मा, प्राचार्य कृष्ण कुमार, बलबीर सिंह, सुरेन्द्र एबीआरसी सहित अनेक अध्यापक मौजूद थे।

# महिला कॉलेज में व्याख्यान

■ कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को साक्षात्कार में सफलता पाने के लिए मार्गदर्शन और व्यावहारिक रणनीतियां प्रदान करना रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** राजकीय कॉलेज भोडिया खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते विशेषज्ञ। **फोटो : हरिभूमि**

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा के रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा साक्षात्कार विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को साक्षात्कार में सफलता पाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और व्यावहारिक रणनीतियां प्रदान करना रहा। इस अवसर पर सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. छोटे लाल जस्सू ने साक्षात्कार की तैयारी के लिए कई प्रभावी विधियां साझा की। उन्होंने छात्राओं को साक्षात्कार में क्या करना और क्या नहीं करना, ड्रेसिंग सेंस, बॉडी लैंग्वेज तथा अपने व्यक्तित्व का विकास कैसे कर सकते हैं, इस बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि छात्राएं साक्षात्कार में अपने आत्म विश्वास को कैसे बढ़ा सकती है। उन्होंने छात्राओं को साक्षात्कार में सफलता प्राप्त करने के भी टिप्स दिए। प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर, रोजगार प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. मोहिंदर कुमार, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### टोहाना में कब्रिस्तान की चारदीवारी पर लगा दी थी पुरानी ईंटें

# मामला डीसी के पास पहुंचा तो गिरा दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** कुलां में कब्रिस्तान की दीवार गिराती जेसीबी मशीन। **फोटो : हरिभूमि**

जिले के उपमंडल टोहाना के गांव कुलां में ठेकेदार द्वारा घटिया व पुरानी निर्माण सामग्री लगाए जाने पर एक्शन लेते हुए प्रशासन ने मंगलवार को जेसीबी की सहायता से गिरा दिया। अब विभाग ने नई ईंटों से दीवार का पुनर्निर्माण करने का निर्णय लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गांव कुला में पंचायत विभाग द्वारा कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। करीब 15 लाख रुपए की लागत से बन रही इस दीवार में पुरानी ईंटों और घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत गांव के पंच प्रतिनिधि रॉबिन सिंह ने जिला उपायुक्त मनदीप कौर को भेजी थी। शिकायतकर्ता ने कहा था कि टेंडर में नई ईंटों का प्रावधान था, लेकिन यहां ठेकेदार द्वारा पुरानी ईंटों और निम्न स्तर के सीमेंट का उपयोग किया जा रहा था। दीवार के निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। शिकायत पर तुरंत एक्शन लेते हुए जिला उपायुक्त ने पंचायती राज फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता देवेंद्र सिंह को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद पंचायती राज टोहाना के एसडीओ कर्मचंद के माध्यम से जेई बलजिंदर सिंह को मौके पर भेजा गया और जांच के बाद जेसीबी की मदद से पुरानी ईंटों से बनी इस दीवार को गिरा दिया गया है। विभाग के जेई बलजिंदर सिंह का कहना है कि गांव में दो अलग-अलग गुटों में विवाद है। एक गुट के कहने पर पुरानी ईंटों को नींव में लगाया गया था।

# चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** सीडीएलयू में विभागाध्यक्षों की बैठक लेते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। **फोटो : हरिभूमि**

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय को एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए विभिन्न पहल की जाएगी। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने मंगलवार को विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं, विभागों के अध्यक्षों एवं निदेशकों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही। कुलपति ने कहा कि आउटरीच कार्यक्रम के तहत समाज को जागरूक और शिक्षित करना विश्वविद्यालयों का प्रमुख दायित्व है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहे, बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस बैठक में शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई और विश्वविद्यालय की नैक ग्रेडिंग में सुधार हेतु कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में विश्वविद्यालय की रैंकिंग सुधारने के उद्देश्य से एनआईआरएफ एवं अन्य संबंधित वेब पोर्टल्स पर विश्वविद्यालय की शोध एवं अकादमिक उपलब्धियों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। कुलपति ने सभी शिक्षकों को विद्वान आईडी पर अपना बायोडाटा एवं शोध पत्र अपडेट करने के निर्देश दिए।

## एनएमएमएस परीक्षा में रूपावास स्कूल जिले में रहा प्रथम

**सिरसा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपावास के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (एनएमएमएस) में एक बार फिर से परचम लहराया है। रसायन विज्ञान प्रवक्ता डा. कृष्ण ढाका ने बताया कि सत्र 2024-25 की परीक्षा में रूपावास स्कूल के पांच विद्यार्थियों लवप्रीत, प्रीति, निर्मला, मनीष व हिमांशु के चयन के साथ जिला में प्रथम स्थान पर रहा है। विद्यालय स्तर पर इस परीक्षा के नोडल केहर सिंह ने बताया कि यह परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यार्थियों को सरकार की ओर से चार वर्षों तक कुल 48000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विद्यालय प्रिंसिपल कमलजीत सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय मेहनती विद्यार्थियों तथा समस्त स्टाफ को दिया, जिनके अथक परिश्रम और समर्पण से यह सफलता हासिल हुई है। इस अवसर पर विद्यालय प्रवक्ता विशाल बागड़ी, संतलाल वर्मा, प्रवीण मंडल, पंकज शर्मा, कृष्ण सैनी, कृष्ण लाल, धर्मवीर भाटिया, रविंद्र कुमार, पवन कुमार, भूपसिंह ज्याणी, योगिता चौधरी, अनिता रानी, शारदा रानी, रीतिका, विकास बैनीवाल, जितेंद्र व अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई से हड़कंप

■ दुकान से 6 किलो पॉलीथीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अतिक्रमण हटाते रेहड़ी चालक व पॉलीथीन जब्त करते नगरपरिषद कर्मचारी।

शहर में दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को लेकर नगरपरिषद इस बार आर-पार के मूड में है। नगरपरिषद शहर के सौंदर्यकरण को लेकर अब काफी गंभीर दिख रहा है। पिछले कई दिनों से कोई दिन नहीं बीतता, जब नगरपरिषद के कर्मचारियों ने शहर में अतिक्रमण न हटाया हो। हालांकि इससे पूर्व नगरपरिषद के कर्मचारी मात्र औपचारिकता ही पूरी करते आए हैं। अब उच्चाधिकारियों की सख्ती माने या मीडिया में आ रही रिपोर्ट, जिसके आधार पर नगरपरिषद लगातार अभियान चलाए हुए हैं। मंगलवार को लगातार दूसरे दिन नगरपरिषद के टेक्नीकल एक्सपर्ट सोमवीर नैन, मुख्य सफाई निरीक्षक महेश कुमार ने अपनी टीम के साथ शहर के पुराना बस स्टैण्ड, हंस मार्किट, पुरानी सब्जी मण्डी, फव्वारा चौक, थाना रोड व जवाहर चौक में दुकानों के बाहर रखे सामान को हटवाया वहीं कुछ सामान को कब्जे में लिया और दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ दिया। इन कर्मचारियों ने दुकानों के बाहर टंगे कपड़ों व बैनरों को भी हटाने का अल्टीमेटम दिया। लाल बत्ती चौक पर पार्क के फुटबाल पर छोले-भटूरे वालों द्वारा किए गए कब्जे को लेकर हटाया गया। नगरपरिषद के कर्मचारियों ने पुरानी सब्जी मण्डी में प्रतिबंध के बावजूद बिक रहे पॉलीथीन को जब्त कर एक दुकानदार पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। मुख्य सफाई निरीक्षक महेश कुमार का कहना है कि पॉलीथीन बेचना बैन हो चुका है।

**निपटारा** भूमि रिकॉर्ड, बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, पहचान पत्र संबंधी समस्याएं पहुंच रही

# एसडीएम ने शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनीं, प्राथमिकता के आधार पर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एसडीएम राजेश कुमार।

एसडीएम राजेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में नागरिकों की विभिन्न प्रकार की शिकायतों और समस्याओं को सुना गया तथा प्राथमिकता के आधार पर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए समाधान शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के निवारण के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर किया जाएगा। समाधान शिविर के दौरान नागरिकों ने भूमि रिकॉर्ड, बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, पारिवारिक पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और अन्य प्रशासनिक विषयों से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं। एसडीएम राजेश कुमार ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। समाधान शिविर के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि शेष मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर हल करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डीएसपी जगदीश काजला, डीआरओ श्यामलाल, एसडीओ गजेंद्र सिंह, सतपाल रोज, नगर परिषद अधिकारी, पुलिस विभाग, बिजली निगम, जल आपूर्ति विभाग, सामाजिक कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एमएम कॉलेज में जॉब फेयर

■ एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अधिकारियों ने लिया साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में जॉब फेयर के दौरान विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेते एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अधिकारी। **फोटो : हरिभूमि**

मनोहर मेमोरियल कॉलेज फतेहाबाद में कैरियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। इस जॉब फेयर में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अधिकारी पहुंचे और विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। प्लेसमेंट सैल इंचार्ज डॉ. रोबिन आनंद ने बताया कि जॉब फेयर को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह नजर आया ओर 39 विद्यार्थियों ने इस जॉब फेयर में भाग लिया। कार्यक्रम में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस फतेहाबाद के ब्रांच मैनेजर महेन्द्र कुमार व विकास अधिकारी रोहित अरोड़ा ने मुख्यअतिथि के तौर पर भाग लिया और विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया। इस जॉब फेयर में साक्षात्कार को लेकर कुल तीन चरण तय किए गए हैं। अंतिम चरण के बाद शार्ट लिस्ट किए गए विद्यार्थियों को अप्वाइंटमेंट किया जाएगा। साक्षात्मक के दौरान एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के मैनेजर ने विद्यार्थियों से विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे, जिनमें आज के युग मे लाइफ इंश्योरेंस का महत्व, लाइफ इंश्योरेंस क्यों जरूरी है और इसके क्या लाभ है। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों से उनके लक्ष्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी सवाल-जवाब किए।